**Total number of printed pages: 10**

# Class-X
# Post Mid Term Examination (2024-25)
# Subject-Hindi (Code-085)
# Set-B1

**Time Allowed: 3Hrs** **Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
2. खंड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
3. खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
5. खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
6. प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
7. यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों को उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड - 'क' (अपठित बोध)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(7)**

हम कार्यरत हैं और उस कार्य में अगर सफलता नहीं मिलती है तो हम हताश होकर कह उठते हैं कि ऐसा होना मेरे भाग्य में नहीं था, अतः हमारा यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ। हम भाग्य को दोष देने लगते हैं और भाग्य को ही सर्वोपरि रखते हैं जबकि कुछ लोग कर्म को ही प्रधान मानते हैं।

वे कहते हैं कर्म से बढ़कर कुछ नहीं। एक पौराणिक प्रसंग के अनुसार एक बार नारद जी भगवान श्रीहरि के पास वैकुंठ धाम गए। श्री हरि ने उन्हें आता देख उनका प्रणाम स्वीकार कर आने का कारण पूछा। तब श्रीहरि ने नारद जी से कहा, "प्रभु पृथ्वी पर अब आपका प्रभाव कम हो रहा है। धर्म-कर्म पर चलने वालों को कोई अच्छा फल नहीं मिल रहा है।" तब श्रीहरि ने कहा, "ऐसा नहीं है देवर्षि! जो होता है सब नियति के कारण होता है, आपने ऐसा क्या देख लिया।" तब मानस पुत्र ने भगवान विष्णु से कहा, "मैंने आज जंगल के दलदल में फँसी एक

गाय को देखा, उसको बाहर निकलने में कोई सहायता नहीं कर रहा था। एक चोर वहाँ से गुज़रा। गाय को बाहर निकालने की बजाय वह उसके ऊपर पैर रखकर चला गया। इतना ही नहीं प्रभु आगे जाकर उसे स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक थैली मिली। थोड़ी देर में वहाँ से एक साधु गुज़रा उसने गाय को बाहर निकाला किंतु यह क्या, भगवन वह आगे जाकर एक गड्ढे में गिर गया। यह कौन-सा न्याय है? नारायण!" तब लक्ष्मीपति ने देवर्षि से कहा, "जिस चोर को स्वर्ण मुद्राएँ मिलीं उसकी किस्मत में बड़ा खजाना था, किंतु इस पाप के कारण उसे नहीं मिला, जबकि साधु ने पुण्य करके अपनी मृत्यु को टाल दिया और गड्ढे में गिरकर उसकी मृत्यु छोटी-सी चोट में परिवर्तित हो गई। अब तो आपको यह विश्वास हो गया होगा कि मनुष्य के कर्मों से ही उसके भाग्य की रूपरेखा बनती है। अतः प्रत्येक मनुष्य को केवल अपना कर्म करना चाहिए, भाग्य के भरोसे नहीं बैठना चाहिए।" जैसा कि श्रीकृष्ण द्वारा गीता में भी कहा गया है- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' सच में कर्म हमारे हाथों की लकीरों को बदल देते हैं।

**(i) कार्य में सफलता न मिलने पर मनुष्य क्या करता है?** **1**

1. अपने कर्म को दोष देता है।
2. अपने भाग्य को दोष देने लगता है।
3. अपने अभिभावकों को दोष देने लगता है।
4. अपने गुरुजनों को दोष देने लगता है।

**विकल्प**

(क) केवल 2 (ख) 1 और 3 (ग) 3 और 4 (घ) केवल 4

**(ii) किसने पुण्य कर्म करके मृत्यु को टाल दिया है?** **1**

(क) साधु ने (ख) गाय ने (ग) चोर ने (घ) नारद जी ने

**(ii) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर सुनकर लिखिए-** **1**

**कथन :** कर्म करना मनुष्य के स्वयं के हाथ में है।

**निष्कर्ष :** मनुष्य के कर्मों से ही उसके भाग्य का निर्माण होता है।

(क) कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है।
(ख) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।
(ग) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

(घ) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

**(iv) मनुष्य के भाग्य की रूपरेखा कैसे बनती है?** **2**

**(v) गद्यांश हमें क्या संदेश देता है?** **2**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(7)**

भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति धर्म के तानो-बानों, अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की, भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों, मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में अच्छी सड़कें, दो मंज़िलें मकान, स्नान-घर, पक्की ईटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। गुजरात के लोथल नामक स्थान की खुदाई से पता चलता है कि वहाँ नावों से सामान उतारने के लिए 216 × 37 मीटर लंबी-चौड़ी तथा 15 फीट गोदी बनी हुई थी। ये लोग मिट्टी, पत्थर, धातु, हड्डी, काँच आदि की मूर्तियाँ एवं खिलौने बनाने में कुशल थे। धातु से बनी एक मूर्ति में एक नारी की कमर पर हाथ रखे नृत्य मुद्रा में दर्शाया गया है। दूसरी मूर्ति पशुपतिनाथ शिव की तथा तीसरी मूर्ति दाढ़ी वाले व्यक्ति की है। ये तीनों मूर्तियाँ कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं। मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है। मूर्ति की प्रत्येक भावभंगिमा को दर्शाने में मूर्तिकार जी-जान लगा देता है। भारत के प्रत्येक कोने में इस प्रकार की विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार-प्रसार ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है।

**(i) भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा का आरंभ हुआ है-** **1**

(क) मिस्र की सभ्यता से (ख) बेबीलोन की सभ्यता से

(ग) मेसोपोटामिया की सभ्यता से (घ) सिंधु घाटी की सभ्यता से

**(ii) मूर्तिकार के लिए कठिन कार्य है-** **1**

(क) मूर्ति की भावभंगिमा दर्शाना (ख) मूर्ति को सही आकार देना

(ग) मूर्ति पर रंग चढ़ाना (घ) मूर्ति को तराशना

**(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए| उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1**

**कथन (A):** मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है।

**कारण (R):** मूर्तिकला ईश्वरीय देन है।

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है, और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

**(iv) भारत की पहचान पूरे विश्व में किन कारणों से है? 2**

**(v) गुजरात में मिली कौन-सी मूर्तियों कला का सर्वश्रेष्ठ नमूना हैं? 2**

## खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1x4=4)**

(i) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ii) चीटियों ने सुलेमान के लिए ईश्वर से दुआ की। वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(iii) दिमाग की रफ़्तार धीरे-धीरे धीमी पड़ती जा रही है।- वाक्य में से क्रियाविशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए।

(iv) <u>जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे उसी</u> रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(v) विशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1x4=4)**

(i) जब तताँरा वामीरो से मिला तो उसके जीवन में परिवर्तन आया। वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए|

(ii) 'जो प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट होते हैं, उनके जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं। वाक्य का भेद लिखिए।

(iii) उदाहरण द्वारा सरल एवं संयुक्त वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(iv) कबूतर परेशानी में इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे। वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए।

(v) पर्णकुटी के बाहर बेढ़ब-सा एक मिट्टी का बर्तन था और उसमें पानी भरा हुआ था। वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए।

**5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तिखिए- (1x4=4)**

(i) अव्ययीभाव समास में पूर्वपद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'महात्मा' कर्मधारय समास है, कैसे?

(iii) द्विगु समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(iv) 'धर्माधर्म' सामासिक पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

(v) 'चतुर्भुज' सामासिक पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

**6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन चार प्रश्नों के उत्तरखिए- (1x4=4)**

(i) लोगों को आशा होने लगी कि शायद पुलिस अपना रंग न दिखाए पर वह कब रुकने वाली थी| पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ii) पुलिस के लाठी चार्ज करते ही भीड़ ..... गई। उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए।

(iii) देर रात घर लौटते देखकर बड़े भाई साहब छोटे भाई पर..... गए| रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए|

(iv) 'दो से चार बनाना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

(v) 'दीवार खड़ी करना' और 'गिरह बाँधना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**खंड-'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)**

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)**

बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्ते से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है। बारूदों की विनाश लीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया। अब गरमी में ज़्यादा

गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफ़ान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम है। नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है। नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई (मुंबई) में देखने को मिला था और यह नमूना इतना डरावना था कि बंबई निवासी डरकर अपने-अपने पूजा-स्थल में अपने खुदाओं से प्रार्थना करने लगे थे।

**(i) 'बढ़ती आबादियों ने समुद्र को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है' क्योंकि-**

(क) समुद्र के किनारे दुकानें बन गई। (ख) समुद्र के चारों तरफ दीवार बना दी।

(ग) समुद्र के तट पर बाँध बना दिया। (घ) समुद्र के आस-पास मानवीय आबादी बस गई।

**(ii) प्रदूषण के चलते कौन-से-दुष्परिणाम होने लगे?**

(क) पक्षी बस्तियाँ छोड़कर भाग गए। (ख) नित नए रोग फैलने लगे।

(ग) समुद्री तूफान आने लगे। (घ) वातावरण दूषित हो गया।

**(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।**
**कथन (A):** बढ़ती हुई आबादी वर्तमान की प्रत्येक समस्या की जड़ है।

**कारण (R) :** बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना, पेड़ों को रास्तों से हटाना, पक्षियों को बस्तियों से भगाना तथा वातावरण को सताना शुरू किया है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।
(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**(iv) मानव और प्रकृति के बीच संतुलन टूटने का क्या दुष्परिणाम हुआ?**

(क) समुद्र सिमट गया। (ख) पेड़ नष्ट हो गए।

(ग) पक्षी दूर चले गए। (घ) मौसम-चक्र टूट गया और नए रोग पनपने लगे

**(v) गद्यांश के आधार पर कुछ साल पहले मुंबई में देखने को मिला था-**

(क) जल प्रलय का वातावरण (ख) समुद्री तूफान द्वारा आया विनाश

(ग) भयंकर गर्मी और बरसात (घ) आतंकवादी घटनाएँ

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में सीजिए- (2x3=6)**

(i) निःस्वार्थ भाव से किया गया त्याग समाज में परंपराओं को परिवर्तित कर देता है। अपने पाठ्यक्रम में पढ़ी हुई कहानी के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ii) लेखक की 'डायरी का एक पन्ना' भावी पीढ़ी को किस प्रकार प्रेरित करता है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iii) 'शाश्वत मूल्यों से क्या तात्पर्य है?' व्यवहारवादी लोगों के बारे में लेखक ने क्या संदेश दिया है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iv) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ में राजकपूर के सर्वोत्कृष्ट अभिनय का श्रेय किसे दिया गया और क्यों?

**9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)**

खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर
इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।

**(i) खूँ से ज़मीं पर लकीर खींचने का क्या आशय है?**

क) खून गिराना (ख) शत्रुओं का नाश करना

(ग) अपने बलिदान से सीमा की रक्षा करना (घ) अपने खून से रेखा खींचना

**(ii) इस कविता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?**

(क) भारत-पाक युद्ध (ख) भारत-चीन युद्ध
(ग) स्वतंत्रता संग्राम (घ) आतंकवाद से संघर्ष

**(iii) हाथ उठने से तात्पर्य है-**

(क) विपत्ति आना (ख) आक्रमण होना

(ग) संघर्ष होना (घ) मित्रता होना

**(iv) राम-लक्ष्मण यहाँ किसके प्रतीक है?**

(क) संस्कृति के (ख) सभ्यता के

(ग) संबंधियों के (घ) मर्यादा-रक्षकों के

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**अभिकथन (A):** सैनिक देशवासियों को देश की रक्षा करने का संदेश दे रहे हैं।

**करण (R) :** देशवासियों का संगठन ही रावण रूपी शत्रुओं से देश की रक्षा कर सकता है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए- (2x3=6)**

(i) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन? यहाँ सोना और जागना किसके प्रतीक हैं? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है? पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ii) आपके पाठ्यक्रम में किस कविता में 'आत्मरक्षा' की बात की गई है? 'सुख के दिन में परमात्मा के प्रति कैसा भाव रहता है? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

(iii) कृष्ण का चीर बढ़ाना किस कहानी की ओर संकेत करता है? कविता के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iv) विरासत में मिली वस्तुओं की संभाल ज़रुरी है, क्यों? 'तोप' कविता के आधार पर बताइए|

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए- (3×2=6)**

(i) "एक ही रात में ठाकुरबारी में जो सुख-शांति और संतोष पाया, वह अपने अब तक के जीवन में हरिहर काका ने कभी नहीं पाया था।" इस कथन के संदर्भ में सच्चे सुख-शांति की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। आप काका की उस स्थिति को कहाँ तक उचित मानते हैं? और क्यों? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ii) टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iii) 'सपनों के-से दिन' पाठ में अभिभावकों की रुचि बच्चों की पढ़ाई में बिल्कुल नहीं थी? वे पढ़ाई को व्यर्थ समझते थे| इस कथन के आलोक में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताइए कि आज के अभिभावक बच्चों की पढ़ाई के प्रति क्यों जागरूक हैं?

**खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)**

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5x1=5)**

**(i) बाल- श्रमिक समस्या**

**संकेत-बिंदु-**

- बाल- श्रमिक का आशय
- गरीबी मुख्य कारण
- समाधान

**(ii) अनुशासन: विकास का आधार**

**संकेत-बिंदु-**

- अनुशासन का हमारे जीवन में महत्व
- अनुशासन की प्रारंभिक शिक्षा
- अनुशासन से समाज में सम्मान

**(iii) राष्ट्रीय सुरक्षा और विद्यार्थी**

**संकेत-बिंदु-**

- राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता
- व्यक्ति का राष्ट्र के प्रति कर्तव्य
- राष्ट्र की सेवा में विद्यार्थियों की भूमिका

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए- (5×1=5)**

मेट्रो रेल या रेल यात्रा में चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**अथवा**

अपने विद्यालय में अधिकाधिक खेल का सामान मँगाने के लिए प्रधानाचार्य जी से अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए- (4x1=4)**

आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'कविता प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

अपने मोहल्ले की सुधार समिति के सचिव की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- (3x1=3)**

आपके नगर में नई खिलौनों की दुकान खुली है। उसके प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

अपने विद्यालय में होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से संबंधित एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. 'एक बार दो मेढक तालाब के सूख जाने पर पानी की तलाश में भटकने लगे। संयोगवश वे एक बाल्टी में गिर पड़े।'इस पंक्ति से शुरू करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। **(5×1=5)**

**अथवा**

आपकी चेकबुक खो गई है और आपका ई-मेल पता (xyz239@yahoo.com) है| बैंक के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर उस चैकबुक को रद्द करने का अनुरोध कीजिए। प्रबंधक का ई-मेल पता है- (kyc123@gmail.com).